

# ऑपरेशन ब्रेन का तो चीरा पेट में क्यों, हॉस्पिटल में परिजनों का हंगामा

## अस्पताल प्रबंधन पर तमाम आरोप व हंगामा, जब चेक में मिला दाम तो ओके हो गया सब काम







**नवभारत न्यूज**

**सतना 4 अप्रैल, शहर प्रतिष्ठित निजी अस्पताल में गलतफहमी का जमकर हंगाम हुआ। अब ये हंगामा गलतफहमी का ही रहा या फिर किसी का उकसाया हुआ था यह तो जांच में सामने आएगा पर अस्पताल में हंगामा करने वालों ने तमाम तरह के आरोप डॉक्टर से लेकर प्रबंधन व उपचार को लेकर लगाए ,अस्पताल के इंमरजेंसी गेट पर घंटो ड्रामेबाजी चली ,पुलिस पहुंची नेतागिरी भी हुई .**

धोखाधड़ी से लेकर न्याय-अन्याय की बाते हुई पर जैसे ही तकरीबन पौने दो लाख के ऊपर की रकम भरा चेक मिला आरोप बेदम होगए ,नेताओ की रवानगी हो गई,कोई शिकवा शिकायत बची ही नहीं चेक में मिला दाम तो ओके हो गए सब काम ,पुलिस भी चली गई । जबकि उसके पहले आरोप थे कि ब्रेन ट्यूमर का ऑपरेशन किया तो पेट में चीरा क्यों लगाया कही किडनी निकाल ली क्या। चिकित्सक एवं अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगा परिसर में प्रदर्शन करना शुरू कर दिया।सूचना मिली तो कोलगवां पुलिस टीआई सहित मौके पर पहुंच गए। दरअसल सभापुर थाना क्षेत्र के ग्राम माजन निवासी 60 वर्षीय जमुनिया साकेत को 29 मार्च को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच के बाद डॉक्टरों ने ब्रेन ट्यूमर की पुष्टि की थी जिसके बाद 1 अप्रैल को ऑपरेशन किया गया था।

**बिना होश आए कर दी छुट्टी करने के आरोप,फिर बढ़ा हंगामा-** परिजनो के आरोपों के मुताबिक ऑपरेशन के बाद महिला को होश तक नहीं आया, बावजूद इसके शुक्रवार की सुबह अस्पताल ने मरीज की छुट्टी कर दी। घर पहुंचने के बाद जब परिजन ने पट्टियां हटाईं, तो मरीज के पेट पर भी सर्जरी जैसा गहरा चीरा दिखाई दिया। इसे गंभीर चिकित्सकीय लापरवाही मानते हुए मरीज को लेकर अस्पताल पहुंच गए।आरोप हैं कि जब परिजन ने अस्पताल प्रबंधन को जानकारी देने का प्रयास किया तो प्रबंधन ने डॉक्टर के छुट्टी में होने का हवाला देते हुए मरीज को एडमिट करने से इंकार कर दिया। अस्पताल प्रबंधन को द्वारा जब मरीज को अस्पताल में भर्ती नहीं किया गया तो वह परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए।उन्होंने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर गलत इलाज और लापरवाही के आरोप लगाते हुए अस्पताल में विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। अस्पताल स्टाफ और सुरक्षाकर्मियों ने मरीज के परिजन और ग्रामीणों को अस्पताल परिसर में हंगामा करने से रोका लेकिन जब परिजन न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन करना बंद नहीं किया तो प्रबंधन ने बल का प्रयोग करते हुए परिजन से मारपीट करते हुए अभद्र व्यावहार किया। जिसके बाद स्थित और गंभीर हो गयी। सूचना पर थाना प्रभारी सुदीप सोनी पुलिस बल के साथ मौके में पहुंच गए।इस दौरान अतिरिक्त बल के तौर कोतवाली प्रभारी राविंद्र द्विवेदी अपनी टीम के साथ अस्पताल पहुंच गए। पुलिस द्वारा पीड़ित परिवार को समझाइस दी गई लेकिन वह अस्पताल प्रबंधन पर गलत उपचार और सुरक्षाकर्मियों पर मारपीट का आरोप लगाते कार्यवाही की मांग पर अड़े हुए थे।

### राशि मिलने के बाद समाप्त हुआ प्रदर्शन

तकरीबन तीन घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने पीड़ित परिवार से घटना के संदर्भ में पूरी जानकारी ली।इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने अस्पताल के प्रबंधन से बात की।पुलिस हस्ताक्षेप के बाद अस्पताल प्रबंधन मरीज के ईलाज में खर्च आयी राशि को वापस करने के राजी हुआ।प्रबंधन द्वारा चेक के जरिए मरीज के परिजन को तकरीबन 1 लाख 87 हजार रुपए वापस दी तो परिजन प्रदर्शन समाप्त किए।

### छवि खराब करने साजिश

अस्पताल के पीआरओ हरिशंकर मिश्रा ने बताया कि यह एक चिकित्सा पद्धति है।ब्रेन ट्यूमर के ऑपरेशन के दौरान ब्रेन की हड्डी निकाल कर पेट की आंतों के बीच रखी जाती है।मरीज जब रिकवर हो जाता है तब वापस वो हड्डी ब्रेन में लगा दी जाती है।ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि यह हड्डी जीवित रह सके और संक्रमण से बची रहे। पीआरओ हरिशंकर मिश्रा ने आरोप लगाया कि मरीज के परिजन इलाज में खर्च वापस लेने के लिए ये हंगामा कर रहे थे और खर्च मिलने के बाद वापस चले गए।उन्होंने बताया कि मरीज का ऑपरेशन न्यूरोसर्जन डॉ. निशांत श्रीवास्तव ने किया था।प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने मरीज के परिजन से घटना के संबंध में लिखित शिकायत मांगी है।इधर अस्पताल प्रबंधन द्वारा भी अस्पताल में पर लगाए आरोपों को फर्जी बताया गया है। पीआरओ श्री मिश्रा का कहना है मरीज के परिजन अस्पताल में गलत इलाज का आरोप लगाकर अस्पताल की छवि खराब करने का काम किया है जबकि यह एक चिकित्सा पद्धति है।जिसकी शिकायत कोलगवां थाना में दर्ज करायी जाएगी।उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन में मरीज के परिजन समेत कांग्रेस नेता रीतेश त्रिपाठी, विजय सिंह सहित अन्य शामिल है जिनके विरुद्ध कोलगवां थाना में शिकायत दर्ज करायी जाएगी।

# शहर में धड़ल्ले से हो रही अवैध शराब की बिक्री, जिम्मेदार खामोश!

## ठेका के चार समूह का अनुबंध निरस्त, विकल्पों पर नहीं हुआ विचार

**नवभारत न्यूज**

**सतना 3 अप्रैल, शहर में शराब दुकानों के ठेके भले ही निरस्त कर दिए गए हों, लेकिन अवैध शराब का कारोबार खुलेआम जारी है। प्रशासन की नाक के नीचे यह पूरा खेल चल रहा है, जिससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं।**

सतना शहर का ठेका 4 समूहों में वर्ष 2026-2027 के लिए



निरस्त कर दिया गया है।जानकारी के अनुसार, ठेकेदारों द्वारा बैंक गारंटी जमा नहीं किए जाने के कारण अभी तक नए लाइसेंस जारी नहीं किए गए हैं। वहीं आबकारी विभाग द्वारा शराब का उठाव भी बंद कर दिया गया है।

इसके बावजूद शहर की कई शराब दुकानों से खुलेआम बाहर से शराब लाकर अवैध बिक्री की जा रही है।

हैरानी की बात यह है कि यह सब कलेक्टर, एसपी और डीओ जैसे अधिकारियों के नाम पर संचालित हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक, आबकारी विभाग के अधिकारी कई दुकानों में खुद मौजूद देखे गए हैं, जिससे साफ है कि उन्हें इस अवैध कारोबार की पूरी जानकारी है। बावजूद इसके, आबकारी विभाग द्वारा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### मैहर में दिव्यांगजनों के लिए सहायता शिविर 8 से

**मैहर 3 अप्रैल,** सांसद सतना गणेश सिंह के प्रयासों से उत्थान सेवा फाउण्डेशन द्वारा श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के सहयोग से दिव्यांगजनों के लिए विशेष मुफ्त सहायता शिविर का आयोजन मैहर बस स्टैण्ड के पीछे सूचना पर्यटन केन्द्र मैहर में 8 से 11 अप्रैल 2026 तक चार दिवसीय किया जायेगा। शिविर का समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा।



## नहर में डूबने से अधेड़ की मौत

**नवभारत न्यूज**

**सतना 3 अप्रैल, बाबूपुर चौकी अंतर्गत रामस्थान ग्राम में एक व्यक्ति की नहर में डूबने से हुई मौत।**

मृतक का नाम नजर सिंह उर्फ राजी पिता हरी सिंह उम्र 54 निवासी मच्छराई खुर्द थाना अमलो जिला फतेहगढ़ साहिब पंजाब का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मृतक नहर के किनारे नहा रहा था। इसी दौरान वह नहर में डूब गया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस मर्ग दर्ज कर विवेचना कर रही है।

# कांग्रेस सेवा दल के शिविर का हुआ शुभारंभ



**नवभारत न्यूज**

**सतना 3 अप्रैल, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष बरमेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि राममनोहर लोहिया की जन्म भूमि उचेहरा में प्रातः 9 बजें ध्वज वंदन के साथ प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया।**

प्रशिक्षणार्थियों का पंजीयन कर कांग्रेस सेवादल के संस्थापक डॉक्टर एन.एस. हार्डिकर की प्रतिमा में सूत की माला पहना कर स्वयं सेवकों कों आज भारत का इतिहास, कांग्रेस का इतिहास के दो पाठ का प्रशिक्षण प्रोजेक्टर के माध्यम से तथ्य देकर बताया गया कि अंग्रेजों के बाद का भारत का इतिहास केवल कांग्रेस का इतिहास है। प्रशिक्षण शिविर में 273 स्वयं सेवको से भरें हाल में देश को इतिहास के माध्यम से देश की नई चुनौतियों से लड़ने के गुण सिखाये गये. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष व विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा शिविराधिपति प्रताप नारायण मिश्रा, विशिष्ट अतिथि डॉ0 रश्मि सिंह, पूर्व विधायक रामलखन सिंह पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी, पूर्व शहर अध्यक्ष एड0 मकसूद अहमद, कांग्रेस सेवादल की महिला प्रदेशाध्यक्ष संगीता काकरिया, जिला प्रभारी आनंद शुक्ला आदि शामिल हुए.

### शिविर में इनकी रही उपस्थिति

आदित्य सिंह, वंदना बागरी, रामभुवन शर्मा, डब्बू गौतम, देवराज बागरी, आशुतोष सिंह, रमेश द्विवेदी, रामप्रताप कुशवाहा लाला, द्वितीय सत्र में जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिलीप मिश्रा, भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह, नागेश्वर मिश्रा, रमाकांत मिश्रा, आशीष शुक्ला, मोती लाल कुशवाहा, हर्ष तिवारी, वरुण गूजर डिंकल यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष, विनोद कुशवाहा, डॉ0लक्ष्मण कुशवाहा, डॉ0डी0पी0 प्रजापति, दिनेश बंसल, निशा सिंह, सोनू पाण्डेय, मो0 नईम, पवन सिंह, ऋषिकेश पाण्डेय, आशीष कपाड़िया, दिनेश सिंह, बलिराम सिंह पटेल, प्रमुख रुप से उपस्थित रहे ।

# एचपीवी वैक्सीनेशन की प्रगति पर हुई समीक्षा,तीन दिन में लक्ष्य पूरा करने के दिये निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**सतना 3 अप्रैल, एचपीवी वैक्सीनेशन में अपेक्षित प्रगति न मिलने पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर सतना एवं मैहर के संयुक्त निर्देशन में जिला पंचायत सतना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने सभी संबंधित विभागों की ऑनलाइन गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की।**

बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ, सभी बीएमओ एवं उनकी टीम, महिला एवं बाल विकास विभाग के डीपीओ एवं सीडीपीओ, स्कूल शिक्षा विभाग के डीईओ एवं डीपीसी तथा दोनों जिलों के सभी जनपद पंचायतों के सीईओ शामिल हुए। समीक्षा के दौरान निर्देश दिए गए कि प्रत्येक पंचायत में अगले तीन दिनों के भीतर 20-20 वैक्सीनेशन सुनिश्चित किए जाएं। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, आशा सहयोगी को ग्रामीण रोजगार सहायक, सचिव और सरपंचों के साथ समन्वय



कर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को स्पष्ट कहा गया कि तीन दिनों में जिले की प्रगति में सुधार दिखना चाहिए, जिससे स्टेट वाइड रैंकिंग में भी सुधार हो सके। बैठक में यह भी सामने आया कि स्कूल शिक्षा विभाग लक्ष्य पूर्ति में पीछे है तथा निजी विद्यालयों के प्राचार्यों से अपेक्षित समन्वय नहीं हो पा रहा है। इस पर चेतावनी देते हुए कहा गया कि जो निजी विद्यालय शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन सुनिश्चित नहीं करेंगे या सहयोग नहीं देंगे, उनके खिलाफ समाचार पत्रों, मीडिया और सोशल मीडिया में जानकारी प्रसारित की जाएगी, जिससे होने वाले नुकसान के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग के कमजोर प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों, आशा, आशा सहयोगी, एमपीडब्ल्यू, एएनएम, सीएचओ एवं सुपरवाइजर के साथ-साथ पीछे चल रहे बीएमओ पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। आवश्यक होने पर कलेक्टर के माध्यम से नोटिस जारी किए जाएंगे तथा संविदा कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने तक की कार्यवाही की जाएगी।

# गुड फ्राइडे पर श्रद्धा और आस्था का माहौल

**नवभारत न्यूज**

**सतना 3 अप्रैल, गुड फ्राइडे के पावन अवसर पर शहर के ईसाई समाज ने प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को गहरी श्रद्धा और आस्था के साथ याद किया।इस अवसर पर क्राइस्ट ज्योति स्थित चर्च सहित शहर के विभिन्न चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया।**



प्रार्थना के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रभु यीशु के त्याग, प्रेम और मानवता के संदेश का स्मरण किया। इसके साथ ही क्रूस यात्रा क्रॉस प्रोसेशन भी निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु श्रद्धाभाव के साथ शामिल हुए।पूरे आयोजन के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा और लोगों ने शांति, प्रेम एवं भाईचारे का संदेश आत्मसात किया।

## एक नजर में



### लीनेस मेन क्लब सतना की बीओडी आयोजित

**सतना।** लीनेस मेन क्लब सतना की अध्यक्ष डॉ. प्रियंका मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित बी.ओ.डी. बैठक में आगामी माह की प्रस्तावित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी साझा की गई।इस अवसर पर सदस्यों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए बोन डेंसिटी टेस्ट का आयोजन भी किया गया, जिसका सभी ने लाभ उठाया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आनंद लिया, जिससे बैठक का माहौल और अधिक उत्साहपूर्ण हो गया।कार्यक्रम में क्लब के सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहीं सचिव पूजा गुप्ता, कोषाध्यक्ष ली निशा गुप्ता, ली संगीता गुप्ता, ली ज्योस्तना अग्रवाल, ली रामा मिश्रा, अंजू कटारे, उषा बडेरिया, नफीस आंटी, चित्रा बडेरिया, अंजना अग्रवाल, रागिनी प्रणामी, रीना मोंगिया, पूजा चतुर्वेदी, सीमा, संतोष गुप्ताआदि लीनेस बहने उपस्थित रही।

### जैन साध्वी कनक प्रभा जी का नगर आगमन

**सतना।** श्री श्वेतांबर जैन समुदाय की पूज्य साध्वी कनक प्रभा जी आदि ढाणा चार का शुक्रवार 3 अप्रैल को सतना में भव्य नगर आगमन हुआ।श्री श्वेतांबर जैन संघ ट्रस्ट सतना के प्रचार प्रमुख संदीप कुमार जैन ने बताया कि पूज्य साध्वी कनक प्रभा श्री जी आदि ढाणा चार बनारस की तरफ बिहार करते हुए शुक्रवार को प्रात: 8 बजे सतना पधारे।सतना श्री संघ ने गौशाला चौक में पूज्य साध्वी जी का भव्य स्वागत किया और सभी सामाजजन उन्हें ससम्मान श्री ऋषभ अभय देव जैन भवन( उपाश्रय जी )में लेकर पहुंचे वहां आयम्बिल की ओली का पारणा एवं सकल श्री संघ की नवकारशी का कार्यक्रम संपन्न हुवा।



### शिक्षक संवर्ग का संयुक्त मोर्चा हुआ गठित

**सतना।** 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों की पात्रता परीक्षा एवं प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना किए जाने हेतु दो सूत्रीय मांगों को लेकर प्रांतीय स्तर पर अध्यापक शिक्षक संवर्ग के समस्त संगठनों का संयुक्त मोर्चा गठित होने के बाद जिला स्तर पर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा का गठन किया गया।जिसमें सर्वसम्मत से आलोक त्रिपाठी को सतना जिले के संयुक्त मोर्चा का संयोजक बनाते हुए समस्त आंदोलन की रूपरेखा एवं आगामी कार्य का उत्तरदायित्व सभी संगठनों के जिला अध्यक्षों ने एक स्वर में सौपते हुए 8 अप्रैल को जिला स्तर पर सायं 5 बजे रैली एवं ज्ञापन के कार्यक्रम में अधिक से अधिक शिक्षकों की उपस्थिति के लिए क्षेत्र वार जिम्मेदारी तय की गई ।संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक आलोक त्रिपाठी ने बताया कि आगामी समय पर जिला ब्लॉक एवं 18 अप्रैल भोपाल आंदोलन में सतना जिले से अधिक से अधिक शिक्षकों की संख्या की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए समितियां का गठन किया गया सबको दायित्व सौंप गए हैं ।



# स्व. सुराज देवी माहेश्वरी को अमर ज्योति परिवार की भावभीनी श्रद्धांजलि

**नवभारत न्यूज**

**सतना 3 अप्रैल, सेवा, संवेदना और मानवता की मिसाल कायम करते हुए स्वर्गीय सुराज देवी माहेश्वरी को अमर ज्योति परिवार द्वारा भावभीनी शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके मरणोपरांत नेत्रदान के इस महान निर्णय को परिवार और समाज ने मानवता की अमूल्य सेवा बताया।**

स्व. सुराज देवी माहेश्वरी ने जीवन के अंतिम क्षणों में भी समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया।उनके द्वारा किए गए नेत्रदान से दो नेत्रहीन व्यक्तियों को नई दृष्टि और जीवन जीने की नई आशा प्राप्त हुई।इस पुनीत कार्य ने यह संदेश दिया कि मृत्यु के बाद भी इंसान अपने अंगदान से समाज के लिए अमर हो सकता है।अमर ज्योति परिवार के सदस्यों ने स्व. सुराज देवी के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। संस्था के संयोजक मनोहर डिगवानी ने कहा कि नेत्रदान महादान है और इस दिशा में समाज को जागरूक करना समय की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि स्व. सुराज देवी का यह निर्णय अनेक लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करेगा। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में महापौर योगेश ताम्रकार ,मनोहर डिगवानी, कमल पुरुस्वानी, मनोज अरोड़ा ,प्रदीप अरोरा ,श्याम लाल गुप्ता श्यामू, दिलीप सोनी ,मनोज बलेचा ,विभाष बैनर्जी ,उमेश लोहिया, अनिल मोटवानी ,विपुल हाण्डा, सन्दीप चमड़िया सन्दीप धूत ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

# प्रमाण पत्र एवं शील्ड पाकर खिले स्वयंसेवकों के चेहरे

**नवभारत न्यूज**

**सतना 3 अप्रैल, राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का ग्राम माधवगढ़ में सफलतापूर्वक समापन हो गया।28 मार्च से 3 अप्रैल तक आयोजित इस शिविर का समापन समारोह उत्साह, उल्लास एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।**


समापन दिवस की शुरुआत प्रभात फेरी एवं श्रमदान से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने ग्राम में स्वच्छता एवं जन जागरूकता का संदेश दिया। अंतिम दिन स्वयंसेवकों ने पशुओं के लिए पानी की




नाद निर्माण, मंदिर परिसर की सफाई एवं वृक्षारोपण जैसे सराहनीय कार्य किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएसपी डी.पी. सिंह चैहान रहे, जबकि अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.सी. राय ने की।विशिष्ट अतिथियों में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एंबेसडर एवं मिस साउथ एशिया मीनाक्षी सिंह, विद्यालय प्राचार्य अनिल कुमार मिश्रा, जिला संगठक डॉ. क्रांति मिश्रा सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### शिव मंदिर बांधवगढ़ में रामकथा आज

**सतना 3 अप्रैल,** सर्व कल्याण के भाव के साथ शिव मंदिर मंदिर पार्क बांधवगढ़ कालोनी सतना में आनंदमय जीवन की खोज विषय आधारित रामकथा का शनिवार दिनांक 4 अप्रैल को शाम 5 से 7.30 बजे तक आयोजन सुनिश्चित हुआ है। उक्त आयोजन में तुलसी सम्मान एवं श्री रामकिंकर भारत भूषण सम्मान से सम्मानित पूर्व जिला न्यायाधीश अरुण कुमार जी संगीतमय रामकथा पर व्याख्यान देंगे।



# पीड़ित और नर-नारायण की सेवा ही मानव जीवन की सबसे बड़ी सेवा

**नवभारत न्यूज**

**सतना 3 अप्रैल,सांसद गणेश सिंह ने कहा कि पीड़ित मानवता और नर-नारायण की सेवा ही मानव जीवन की सबसे बड़ी सेवा होती है।**

उन्होंने कहा कि सतना और मैहर जिले के सभी दिव्यांग भाई-बहनों को उनकी आवश्यकतानुरूप कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे। सांसद गणेश सिंह सतना में शुक्रवार को उत्थान सेवा फाउंडेशन द्वारा भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के सहयोग से बिड़ला मार्केट सतना के कम्युनिटी हाल




में आयोजित चार दिवसीय दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण शिविर के दूसरे दिन दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण कर रहे थे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष विंध्य चेम्बर ऑफ कामर्स विवेक अग्रवाल, रवीन्द्र सिंह सेठी, बालेन्द्र गौतम, अवध बिहारी, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण राजीव सिंह, के.के. शुक्ला, डॉ. अमर सिंह सहित सतना जिले के दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

सांसद सतना गणेश सिंह के प्रयासों से सतना की संस्था उत्थान सेवा फाउण्डेशन द्वारा जयपुर की सामाजिक संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से सतना जिले के लिए दिव्यांगजनों के हितार्थ 2 अप्रैल से 6 अप्रैल तक कम्युनिटी हाल बिरला मार्केट सतना में नि:शुल्क सहायता शिविर आयोजित किया जा रहा है।